हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .8 डिग्री
न्यूनतम 11 .6 डिग्री

11 भगत फूल सिंह का सपना आज हो रहा पूरा...



12 सांदल कला की जरूरतमंद महिला को नहीं मिल रहा...



## खबर संक्षेप

### डॉ. कमलेश मलिक की पुस्तक पर परिचर्चा कल

**सोनीपत।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सोनीपत इकाई द्वारा 22 फरवरी को हिंदू गर्ल्स कॉलेज में पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस परिचर्चा में सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. कमलेश मलिक की पुस्तक हस्ताक्षर तुम्हारे हैं पर परिचर्चा होगी। दोपहर 12 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य अकादी के पूर्व निदेशक पद्मश्री पूर्णमल गौड़, हिंदू शिक्षण एवं धर्मार्थ समिति के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष रामधन शर्मा, प्रतिष्ठित न्यूज एंकर मीमांसा मलिक, डॉ. अंजलि ग्रोवर, हिंदू गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल का विशेष सानिध्य रहेगा।

### गोहानाः करंट लगने से 3 बच्चों के पिता की मौत

**गोहाना।** बरोदा थाना क्षेत्र के गांव कोहला में तीन बच्चों के पिता एक ग्रामीण की करंट लगने से मौत हो गई। वह नशे में ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया था। बिजली की लाइन चालू थी। करंट से बुरी तरह से झुलस गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों सौंप दिया। फोरेंसिक टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंची। गांव कोहला निवासी युवक अमित पानीपत में काम करता था। अमित बुधवार रात को नशे में घर से निकला था। अमित नशे में ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। लाइन चालू होने के चलते करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। जब परिजनों को पता लगा तो वे मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक अमित की मौत हो चुकी थी।

### परिजनों ने युवक की कर दी थी शादी पक्की, चल रहा था मानसिक परेशान

# प्रेम-प्रसंग के चलते युवक और युवती ने फंदे से लटककर दी जान

**अपने-अपने कमरों में लटके मिले दोनों के शव**

*पुलिस ने शवों को लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया*

**शनिवार को होगा शवों का पोस्टमार्टम, राई थाना पुलिस ने परिजनों के बयान किए दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के बढ़मलिक में अलग-अलग कमरों में संदिग्ध हालत में प्रेम-प्रसंग के चलते युवक-युवती ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम को बुलाया। टीमों ने जरूरी नमूने एकत्रित करके शवों को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां कागजी कार्यवाही पूरी न होने के चलते शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शनिवार को पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करवाएगी।

हरदोई हाल में बढ़मलिक निवासी मनोज ने बताया कि उसका बेटा पंकज (21) चालक की नौकरी करता था। उन्होंने कुछ दिन पहले उसका रिश्ता पक्का किया था। रिश्ता पक्का होने के बाद मानसिक परेशान चल रहा था। उसने संदिग्ध हालत में अपने कमरे में फंदे से लटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। उन्हें जानकारी मिली कि पंकज निशा नाम की युवती से प्रेम करता था। वह उनका विरोध नहीं कर रहे थे, लेकिन किसी कारणों के चलते उसने अपनी जान दे दी। वहीं उन्हें जानकारी मिली कि सीतापुर हाल में पड़ोस में किराए के कमरे में रहने वाली निशा (20) का उसके बेटे पंकज का प्रेम-प्रसंग था। उसके बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद निशा ने भी फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।



**सोनीपत।** अस्पताल में शव गाड़ी से उतारते हुए परिजन व पुलिस कर्मी।



मृतक का फाइल फोटो।



मृतका का फाइल फोटो।

#### एफएसएल टीम ने लिए नमूने

राई थाना पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया। टीमों ने जरूरी नमूने एकत्रित करे शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाएं। पुलिस ने शवों का शवगृह में रखवाया है। जांच अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि दोनों के परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे है। शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## अहीर माजरा में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने लगाई फांसी

**स्वजन शव के साथ डीसीपी कार्यालय के बाहर पहुंचे**

**दिल्ली पुलिस में कार्यरत है आरोपित पति**



मृतक अन्नु का फाइल फोटो।

गन्नौर । गांव खिजरपुर अहीर माजरा में एक विवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद थाना गन्नौर से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। गांव बिशनपुरा, जींद की रहने वाली 28 वर्षीय मृतका अन्नु की शादी 10 फरवरी 2023 को दिल्ली में सिपाही के पद पर कार्यरत अहीर माजरा निवासी बृजेश के साथ हुई थी। पिता सुनील कुमार के अनुसार शादी के बाद से ससुराल पक्ष उनकी बेटी को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। नवंबर 2024 में अन्नु को उन्होंने मायके बुला लिया गया, लेकिन दिसंबर में बृजेश के चाचा के भरोसा देने पर फिर से ससुराल भेज दिया गया। 19 फरवरी 2025 की सुबह अन्नु ने फोन पर बताया कि बुधवार रात पति बृजेश ने उसे घर से पैसे लाने को लेकर प्रताड़ित किया और निर्वस्त्र कर कमरे से बाहर निकाल दिया। जब उसने सास, ससुर और ननदों से मदद मांगी तो उन्होंने भी बृजेश का ही साथ दिया। दोपहर उन्हें सूचना मिली कि अन्नु की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे तो उन्होंने ने देखा कि शव छत के पंखे से लाल क्रीम रंग के साल से लटका था, पैर बिस्तर पर टिके हुए थे और पास में मेज गिरी हुई थी। अन्नु के पिता ने इस मामले को दहेज हत्या बताते हुए पति बृजेश, सास बाला देवी, ससुर राज सिंह, बड़ी ननद रेनू और छोटी ननद के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एएसआई जयबीर सिंह ने बताया पुलिस ने शिकायत पर तुरंत केस दर्ज कर लिया था। आरोपित ब्रिजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### मृतका अनु का मायके में हुआ अंतिम संस्कार

पुलिस से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद स्वजन शव को गांव बिशनपुरा, जींद ले कर गए। अन्नु डी-फार्मा कर चुकी थी। आगे पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता सुनील कुमार सरकारी अध्यापक हैं। गांव में शव का अंतिम संस्कार किया गया।



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

## दिल्ली से अंबाला तक रेलवे कॉरिडोर का होगा विस्तार

**डीसी ने रेलवे अंडरपास की बजाय रेलवे फ्लाईओवर बनाने का रखा प्रस्ताव**

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोगों की सुविधा और दिल्ली-अंबाला रेलवे लाईन पर बढ़ते लॉड को देखते हुए रेलवे मंत्रालय ने दिल्ली से अंबाला तक 193.6 किलोमीटर के रेलवे कॉरिडोर विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसको लेकर योजना तैयार की जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली से अंबाला तक के रेलवे कॉरिडोर को फॉरलेन किया जाएगा जो वर्तमान में दो लाईन है। दिल्ली से अंबाला के बीच स्थित 32 स्टेशनों पर कार्य किया जाएगा। इस प्रॉजेक्टर पर कुल 7 हजार 74 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे, जो अगले चार साल में पूरा होगा। इस दौरान उपायुक्त ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखा की इस रेलवे लाईन पर स्थित रेलवे अंडरपास की बजाय रेलवे फ्लाईओवर बनाए जाएं, क्योंकि बारिश के समय अंडरपास में पानी भर जाता है जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्षित, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी राहुल देव व मलकित सिंह सहित रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

### गोहाना में पिकअप में भरे मिले मवेशी

**गोहाना।** जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे पर गुरुवार सुबह पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। पिकअप में मशेवी भरे हुए थे। गांव बिचपड़ी के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आशंका जताई की पिकअप में मवेशियों को चोरी करके ले जा रहा है। पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में मवेशी दुधारू मिले और चोरी की बात सामने नहीं आई। गुरुवार सुबह हाईवे पर गांव बिचपड़ी के निकट पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। पिकअप को डिवाइडर से उतारने के लिए उसमें भरे गए मवेशियों को नीचे उतार दिया गया। दो कटड़े और चार भैंसें थी। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मवेशी चोरी करने की आशंका जताने लगे। पिकअप में रस्सियां, कपड़े और इंजेक्शन थे। गांव बिचपड़ी से भी कुछ लोगों के मवेशी चोरी हो चुकी हैं, जिसके चलते उन्होंने संदेह जताया। सदर थाना गोहाना से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पिकअप चालक इरमान ने बताया कि वह पंजाब से मवेशी लेकर आया था और मेले में लेकर जा रहा था। उसने फोन करके मालिकों को भी मौके पर बुलाया। थाना प्रभारी महिपाल ने कहा कि मवेशी दुधारू भी थे। जांच में चोरी की बात सामने नहीं आई।

**जिला नगर योजनाकार विभाग की कार्रवाई**

## खरखौदा में अवैध कॉलोनियों को डीपीटी की टीम ने किया ध्वस्त



**खरखौदा।** अवैध निर्माण पर डीपीटी की कार्रवाई। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

■ क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा : एटीपी मनदीप

जिला नगर योजनाकार विभाग (डीटीपी) ने गुरुवार को खरखौदा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई की। एटीपी मनदीप के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में करीब 80 एकड़ क्षेत्र में फैले अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। सबसे पहले टीम ने आईएमटी खरखौदा के पास गोपालपुर-सोहटी मार्ग पर ढाई एकड़ में बनाई जा रही कॉलोनी में तोड़फोड़ की। बरोणा गांव में आईएमटी से सटे 19 एकड़ क्षेत्र में अवैध निर्माण गिराए गए, जिसमें दो प्रॉपर्टी डीलरों के कार्यालय भी शामिल हैं। टीम ने इसके बाद पहलादपुर गांव में 56 एकड़ भूमि पर बसाई जा रही कॉलोनी में कच्चे रास्तों और अन्य ढांचों को ध्वस्त किया। अंत में सोहटी गांव में 12 एकड़ क्षेत्र में भरी गई नींव और निर्माण कार्यों को हटाया गया। एटीपी मनदीप ने कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।

**दोषी पर दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया**

## पत्नी के हत्यारे पति को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

खरखौदा थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. जसबीर सिंह (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। नजफगढ़ निवासी चंद्रभान ने 31 अक्टूबर 2020 को खरखौदा थाने में शिकायत देकर बताया था कि उसने भांजी गुरुग्राम निवासी आशा (30)की शादी 11 वर्ष पहले खांडा निवासी सोमबीर के साथ की थी। आशा के माता-पिता की मौत के बाद वह ही आशा की देखरेख करता था। शादी के बाद से उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। कई बार पंचायत होने के साथ ही पुलिस को शिकायत दी जा चुकी थी। उसका घर बसाए रखने के लिए उसने समझौता कर लिया। इसके बावजूद भांजी से उसकी सास, देवर-देवरानी मारपीट करते रहते थे। चंद्रभान का कहना है कि उन्हें फोन पर सूचना मिली कि आशा को उसके पति, सास, देवर-देवरानी ने मिलकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंचे तो भांजी का शव बेड़ पर पड़ा था, उसे शक है कि उसके पति सोमबीर, सास प्रकाशी, देवर दीपक व देवरानी सुदेश ने मिलकर आशा का गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित पति सोमबीर को गिरफ्तार कर लिया था। बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए एसएसजे डा. जसबीर सिंह (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोषी को धारा-302 में दोषी करार दिया।

**डीसीआरयूएसटी मुरथल में कार्यक्रम का आयोजन**

## चुनावः पोलिंग पार्टियों ने किया रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव को लेकर 02 मार्च को होने वाली मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों के लिए दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पोलिंग पर्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं।

इस दौरान ईवीएम मास्टर ट्रेनर मेजर संजय श्योराण ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं। खरखौदा नगर पालिका चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं, जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय आपको जो भी फार्म दिए जाते हैं, उन्हें अच्छी तरह से भरे और कोई गलती न करें। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा, नायब तहसीलदार खरखौदा अशोक कुमार, बीडीपीओ आस्था गर्ग, नगर निगम से सिद्धार्थ सिंह, शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल जोगिन्द्र सिंह सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** पोलिंग पार्टियों को जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर संजय श्योराण साथ में अन्य।

#### सुबह 8 से सायं 6 बजे तक वोटिंग

02 मार्च को सुबह 8 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इससे पूर्व पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मोक पोल करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन मोक पोल में सभी प्रत्याशियों के वोट डलवाए जाएं और पोलिंग एजेंट्स को इसका परिणाम दिखाएं। उन्होंने हिदायत दी कि मोक पोल की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन को क्लीयर करना न भूलें। मतदान संपन्न होने के बाद मशीन को क्लोज करना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें, यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स




बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

### गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

### रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

### ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई


ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।

### जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

### अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

## मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

## घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

## सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




डिंपल, दुर्ग


दिशांत, महेंद्रगढ़


सानवी, रायपुर


प्रगति, बिलासपुर


चहक, ईमेल से


सौम्य, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-
संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035
या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### युवक ने खुद को मारी गोली, मौत

**खरखौदा।** शहर के थाना कलां मार्ग पर एक युवक ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बिधलान गांव निवासी मनीष के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे पीजीआई, रोहतक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनीष की मां मीना ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को बेटे के साथ खरखौदा आई थी और गांव के ही दोस्त सुधीर के मकान पर गई थी। घर लौटने के बाद मनीष दोबारा सुधीर के पास जाने की बात कहकर निकला और रात में गोली मारने की सूचना मिली।

### गांव राणाखेड़ी में नशेड़ी ने फंदा लगाकर दी जान

**गोहाना।** गांव राणाखेड़ी में शराबी पति ने कहासुनी करके पत्नी को घर से निकाल दिया और घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह फंदे पर झूल रहा था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। गांव राणा खेड़ी के सोनू ने शराब पीकर पत्नी गीता को बुधवार रात को घर से निकाल दिया। वह गांव के सरपंच पालेराम के यहां गई। गीता ने कहा कि पति उसे घर में नहीं घुसने दे रहा है।

### मकान बनवाने के लिए प्रशासन से लगाई गुहार

**गन्नौर।** सांदल कला गांव की जरूरतमंद बुजुर्ग महिला विमला देवी अपना मकान बनवाने के लिए प्रशासन से लगातार गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उसे कोई राहत नहीं मिली। प्रशासन की अनदेखी से परेशान होकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में महिला ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्रशासन गरीबों की कोई सुनवाई नहीं कर रहा। विमला देवी का बिजली बिल अधिक आने के कारण बिजली विभाग ने उसका कनेक्शन काट दिया। महिला ने अधिकारियों से निवेदन किया था।

### एक्स पैरा मिल्ट्री वेलफेयर एसो .की बैठक तेइस को

**सोनीपत।** एक्स पैरा मिल्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव व विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिये बैठक बुलाई गई है। प्रधान एसके रोहिल्ला ने बताया कि 23 फरवरी रविवार को सचिवालय के पास नारायणी माता मंदिर के सामने महलाना रोड स्थित पार्क में सुबह 10 बजे बैठक होगी। बैठक में आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी एवं आसाम राइफल के पेंशनर तथा वर्तमान में कार्यरत कर्मियों के परिवार वालों को आमंत्रित किया गया है।

### 95 वर्षीय शीला देवी बनी 1033वीं नेत्रदाता

**गोहाना।** शहर में पुराना बस अड्डा स्थित महेंद्रा गैस एजेंसी वाली गली निवासी शीला देवी चोपड़ा (95) पत्नी स्व. खिलू राम चोपड़ा को गोहाना की 1033वीं नेत्रदाता का दर्जा मिला। शीला देवी चोपड़ा का गुरवार को प्रातः निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। महिला के स्वर्गवास के बाद परिजनों ने उनका नेत्रदान करवाने का निर्णय लिया। इसके लिए मृतका के पुत्र घनश्याम दास चोपड़ा की सूचना पर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने शीला देवी के नेत्रदान के लिए आहुति से सम्पर्क किया। आहुति नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था है।

### पिछड़ों ने दलित पैटर्न पर मांगा राजनीति में आरक्षण

**गोहाना।** सामाजिक न्याय दिवस पर गुरवार को दक्ष प्रजापति मार्ग स्थित अंबेडकर नगर में पिछड़ी जातियों के नेताओं ने बैठक की। बैठक में सरकार से पिछड़ी जातियों के लिए दलित पैटर्न पर आरक्षण की मांग की गई। मुख्य वक्ता बैकवर्ड नेता आजाद सिंह दांगी ने कहा कि सभी वर्गों के नागरिकों को निष्पक्षता और समानता के अधिकार मिलें इसके लिए हर वर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। पूरे देश में पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 60 प्रतिशत के करीब है। सतनारायण सेन, सुरेश जांगड़ा, नरेश पांचाल, राजपाल कश्यप मौजूद रहे।

---

### कन्या महाविद्यालय खरखौदा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# छात्रा यशिका 87 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम

### विजेताओं को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में शारीरिक शिक्षा विभाग और स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव नीरज दहिया द्वारा किया गया। प्राचार्या व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. दर्शना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया। प्राचार्या ने कहा कि दिन प्रतिदिन खेलों का महत्व बढ़ता जा रहा है। खेलों से जहां हमें अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है वहां खिलाड़ी को नौकरियों में भी सुनहरे अवसर प्राप्त होते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि भी प्राप्त होती है। खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं के लिए 100 मीटर , 400 मीटर , 400 मीटर रिले रेस, लंबी कूद ,शॉट पुट, थ्री लैग रेस, मटका रेस तथा स्टाफ के लिए 100 मीटर रेस पुरुष वर्ग और महिला वर्ग में तथा मटका रेस महिला वर्ग में कराई गई। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने शिरकत की। महाविद्यालय की चार छात्राओं यशिका हिमांशी यीशु और रितिका ने वेट लिफ्टिंग नॉर्थ जोन में, जो फगवाड़ा पंजाब में 19 से 27 जनवरी के बीच आयोजित हुई थी, उसमें प्रथम स्थान लेकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। इसके बाद ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम जो 14 से 17 फरवरी को हिमाचल प्रदेश में आयोजित किए गए थे। वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छात्रा यशिका 87 किलोग्राम भार वर्ग में, हिमांशी ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में, यीशु ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव नीरज दहिया ने 1100 -1100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. दर्शना ने बताया कि ये चारों छात्राएं खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी भाग लेंगी। विजेता छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग से डॉ. प्रमिला ने किया।



खरखौदा। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि




सोनीपत। विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गौरव ने मारी बाजी

**सोनीपत।** छोटूराम आर्य कालेज सोनीपत में भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 'प्रोस एंड कॉन्स' ऊर्जा के प्रकार विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रथम स्थान गौरव बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान गुरमीत सिंह एमएससी भौतिक विज्ञान प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान हंस दहिया बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अजमेर, डॉ. तमन्ना दहिया व प्रो. ऋतु ने निभाई। डॉ. जेएस फोर ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. मोनिका, डॉ. अमरजीत व प्रो. ज्योति उपस्थित रहे।



खरखौदा। अमित आर्य को सम्मानित करते अनीश कुमार दहिया।

### अमित ने राष्ट्रीय सनो चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**खरखौदा** देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के कोच अमित आर्य ने 17-18 फरवरी को आयोजित 9 वीं राष्ट्रीय सनो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके परिवार, कोचिंग स्टाफ और समर्थकों में खुशी की लहर है। अमित आर्य के स्कूल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अमित ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से खेल जगत के दिग्गजों ने बधाई दी है। उनकी सफलता से युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अनीश कुमार दहिया ने कहा कि यह पूरे स्कूल और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमित आगे भी इसी जोश और जज्बे के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

### पैरा नेशनल गेम्स में सुमित ने जीते तीन पदक

**सोनीपत।** पैराएथलीट सुमित दहिया ने चेन्नई में चल रही हैं नेशनल गेम्स में तीन गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। भठगांव के लाडले की इस उपलब्धि पर पूरा गांव खुश है। परिजन भी खुशी से फूले नहीं समा रहे। सीआरए कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुमित के तीन पदकों पर परिजनों ने आसपास में लड्डू बांटकर खुशी मनाई। सुमित की बहन सोनिया दहिया जोकि पेशे से एडवोकेट हैं, उन्होंने बताया कि चेन्नई में 18 फरवरी से पैराएथलीट की नेशनल गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इन गेम्स में सुमित ने जैवलिन, डिस्कस थ्रो और शॉटपुट तीन गेम्स में हिस्सा लिया था। सुमित के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीनों ही गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल किया है। सोनिया ने बताया कि सुमित ने 2021 से पैरा गेम्स में हिस्सा लेना शुरू किया था।

---



सतकुंभा धाम से कलश यात्रा का शुभारंभ करवाते पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज।

### सतकुंभा उत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव स्थित सतकुंभा तीर्थ में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली, जो गांव की मुख्य गलियों से होते हुए तीर्थ स्थल पर संपन्न हुई। आचार्य अनिल शर्मा के नेतृत्व में 11 वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया। महंत राजेश स्वरूप महाराज ने प्रवचनों में सतकुंभा तीर्थ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत के 68 प्रमुख तीर्थों में शामिल है और चारों युगों में इसकी महिमा अपरंपार रही है। उन्होंने इसे ऋषियों की तपस्या का फल बताया। वेदपाठियों में हिमाचल, पंजाब व हरियाणा के आचार्य अनिल शर्मा, अजय वशिष्ट, आचार्य विष्णु शर्मा, आचार्य जसप्रीत पुरी, आचार्य शिवम कौशिक, सतबीर शास्त्री गुलयाणा, अमन शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ अनुष्ठान को आरंभ करवाया। शिवेंदु भारद्वाज ने पूजा-अर्चना कर कलश स्थापित कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### बौद्धिक संपदा अधिकार पर विशेष व्याख्यान

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, पिपली में आईपीआर प्रकोष्ठ द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छात्रों को नवाचार व रचनात्मकता की सुरक्षा हेतु जागरूक किया। मुख्य वक्ता डॉ. मोनिका, सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिजाइन और जी.आई. टैग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों और संकाय सदस्यों ने व्याख्यान के दौरान अपनी जिज्ञासा व्यक्त की और प्रश्न पूछे। जिनका डॉ. मोनिका ने विस्तार से उत्तर दिया। इस सत्र ने सभी प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा संरक्षण की प्रक्रियाओं और उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया। इस व्याख्यान से प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा संरक्षण की प्रक्रियाओं और कानूनी पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।



खरखौदा। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्या डॉ तराना नेगी।

## सोनीपत: एनएसएस छात्राओं ने किया अंतरराष्ट्रीय मेले का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की छात्राओं ने गुरूवार को फरीदाबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले का भ्रमण किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल भ्रमण कार्यक्रम की बधाई देते हुए शिल्पकला को बढ़ावा देने पर बल दिया। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में 46 स्वयंसेविकाओं ने सूरजकुंड शिल्प मेले का दौरा किया, जिसमें प्राध्यापिका मनीता का विशेष सहयोग रहा। स्वयंसेविकाओं ने मेले का भ्रमण करते हुए हस्तकला की नायाब कलाओं के दर्शन किए। उन्होंने एक से बढक़र एक हस्त कारीगरों की कला देखी। हाथों से बनाई गई मनोहारी वस्तुओं, चित्रकारी, साज-सज्जा, मिट्टी के बर्तन आदि ने सबका मन मोह लिया। छात्राओं ने खूब झूले भी झूले और साइबर ताऊ 1930 से भी मिली। छात्राओं को मेले में मनोरंजन के साथ बहुत कुछ सीखने को भी मिला।




सोनीपत। सूरजकुंड मेले में पहुंचीं जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

---



सोनीपत। सूरजकुंड मेले में पहुंचीं टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।

### सूरजकुंड मेले में शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंची छात्राएं

**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग, रसायन विभाग, मनोकविज्ञान विभाग एंव शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने सूरजकुंड मेले (फरीदाबाद) का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें महाविद्यालय की 48 छात्राओं व प्राध्यापिकाओं ने सूरजकुण्ड मेले में ट्रेड संबंधी जानकारी प्राप्त की। यह मेला भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा और सांस्कृतिक ताने-बाने की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करता है और यह दुनिया का सबसे बड़ा शिल्प मेला है। इस शैक्षिणिक भ्रमण की आयोजक अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सविता, मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका कंचन एंव रसायन विभाग की प्राध्यापिका श्रीमति मनीता व शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन मान द्वारा किया गया।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल में दादा-दादी दिवस हर्षोल्लास और उल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दादा-दादी दिवस का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। दादा-दादी परिवार का सबसे बड़ा खजाना होते हैं वह एक विरासत के संस्थापक सबसे महान कहानीकार और परंपराओं के रखवाले होते हैं। अपने विशेष प्यार और देखभाल के माध्यम से दादा-दादी परिवार को दिल के करीब रखते हैं उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए विद्यालय ने इस दिन को विशेष रूप से उन्हें समर्पित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना नानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशिका समीक्षा पंवार, प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी दादा-दादी व नाना नानी का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना नानी के सम्मान में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसमें भावनात्मक नृत्य, मधुर गीत प्रेरणादायक कविताएं आदि शामिल थी।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण साथ में प्राचार्या एवं अन्य।



खरखौदा। विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते शिक्षक।

### सीआरएस हॉलमार्क गुणवत्ता व सुरक्षा की गारंटी

**खरखौदा।** फरमाणा के राजकीय बॉयज स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो दिल्ली द्वारा स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीआई एस की रिसोर्स पर्सन एकता बजाज ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था है। आईएसआई और सीआरएस हॉलमार्क गुणवत्ता व सुरक्षा की गारंटी है। स्कूल में बी आई एस की मेंटर प्रवक्ता ज्योति ने बताया पोस्टर मेकिंग में प्रथम आकाश, द्वितीय जतिन, तृतीय विवेक सांत्वना पुरस्कार रौनक ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम गौरव, द्वितीय अनुज,तृतीय कार्तिक और सांत्वना पुरस्कार सन्नी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनीता ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

### 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारम्भ

# भगत फूल सिंह का सपना हो रहा पूरा: वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि में आज से महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह जी की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारम्भ हो गया है। आज महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती सप्ताह की शुरुआत की। महिला विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस इकाइयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकली। जिसकी शुरुआत कुलपति प्रो. सुदेश ने हरी झंडी दिखा कर की। प्रो. सुदेश ने कहा कि स्वछता बहुत बढिया अभियान है। इसे केवल रैली के रूप में ही न लें अपितु जीवन का हिस्सा बनाएं। कुलपति ने कहा कि भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा के लिए जो स्वप्न देखा वो आज पूरा हो रहा है। आज महिलाएं नेतृत्व में भी आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में मुख्यमंत्री की शपथ एक महिला ले रही है। ये समस्त महिलाओं के लिए गर्व की बात है। महिलाएं हर कार्य को करने के लिए सक्षम है। कुलपति ने कहा कि एनएसएस एक महत्वपूर्ण इकाई है। जो पढाई के साथ-साथ समाजसेवा भी है। हमारे समाज के प्रति जो दायित्व है उन्हें भी निभाना चाहिए। विश्वविद्यालय की एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबिता ने बताया कि इस स्वच्छता रैली में विवि की समस्त एनएसएस इकाई भाग ले रही है। रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भगत फूल सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने आस पास स्वच्छ रखने का संदेश दिया।



गोहाना। भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका, डॉ. सवीना, डॉ. वीणा, हिमांशु शर्मा, डॉ. धीरज व सुमन मौजूद रहे।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं।

### कार्यक्रम में छात्राओं को दी पुस्तकालय की जानकारी

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में पुस्तकालय विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम में छात्राओं को पुस्तकालय की विस्तृत रूप में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे पुस्तकालय में नियमित रूप से जायें और अधिकाधिक लाभ उठायें। जीवीएम में 18 फरवरी से 20 फरवरी तक पुस्तकालय का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुस्तकालय कार्य प्रभारी मोहन देवी ने छात्राओं को पुस्तकालय की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से ई-ग्रंथालय की जानकारी देते हुए इसका पूर्ण लाभ उठाने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन में पुस्तकालय के महत्व से अवगत करवाया।

## खबर संक्षेप

### धान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने ट्राली से धान की फसल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी शेखपुरा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव हरसाना कलां निवासी नीरज ने 28 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने खेत से धान की फसल निकालकर ट्राली में डालकर अपने घर के पास खड़ा किया था। किसी ने ट्राली से धान की फसल चोरी कर ली। पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी की जांच की तो उसने एक टैंपू में व्यक्ति धान की चोरी करते हुए पाया गया। जांच अधिकारी पूजा की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सन्नी को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। उसके पास से चार हजार रुपये की राशि बरामद की।

### किसान के खेत से कृषि यंत्र चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर तिहाड़ा खुर्द में किसान के खेत से टयूवैल का पंखा चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। गांव ताजपुर तिहाड़ा खुर्द निवासी दीपक कुमार ने बताया कि वह निजी विवि में नौकरी के साथ-साथ खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके खेत तिहाड़ा खुर्द से भदाना गांव वाले रास्ते में पड़ते है। गत 19 फरवरी को वह अपने खेत में पहुंचा। जहां सिंचाई के लिए लगाया टयूवैल का पंखा गायब मिला। अपने स्तर पर पंखे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र की टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपित दबोचे

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भूपेंद्र निवासी महुआ यूपी व संजीत निवासी आनंदी बिहार का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। नरेला दिल्ली निवासी रविंद्र ने 18 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह कंपनी में काम करता है। वह कंपनी में बाइक से आता-जाता है। किसी ने कंपनी के सामने बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुख्य सिपाही सुरेंद्र की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी की बाइक बरामद की है।

### अधिकारियों पर लगाए फाइल गुम करने के आरोप

# वेतन देने की मांग पर ठेका सफाई कर्मियों का हंगामा, लगाया जाम




सोनीपत। सड़क पर कूड़ा डालते हुए ठेका सफाई कर्मी और सड़क पर डाला गया कूड़ा। फोटो : हरिभूमि

- नपा कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजाभाई ने सफाई कर्मियों को शांत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के ठेका सफाई कर्मियों ने वेतन न मिलने को लेकर वीरवार सुबह हंगामा किया और महलाना रोड पर कूड़ा फेंककर जाम लगाया। उनका आरोप था कि उनकी वेतन संबंधी फाइलें गायब कर दी गई हैं। इस कारण उन्हें चार महीने से बकाया वेतन नहीं दिया जा रहा है।

वह कई बार अधिकारियों व ठेकेदार को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। सूचना के बाद मौके पर नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजाभाई पहुंचे और कर्मियों को शांत कराया। मुख्य सफाई निरीक्षक के पहुंचने से पहले कर्मियों ने करीब घंटे में जाम खोला। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों ने निगम अधिकारियों व ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी वेतन संबंधी समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा है। ऐसे में वीरवार सुबह नाराज सफाई कर्मियों ने महलाना रोड पर जाम लगा दिया। इससे महलाना रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वाहन चालकों व राहगीरों को



परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजाभाई ने सफाई कर्मियों को शांत कराया और जाम खोलने के लिए राजी किया। मुख्य सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया भी पहुंचे, उन्होंने सफाई कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इसके बाद सफाई कर्मियों ने जाम हटा दिया। वहीं, सफाई कर्मियों ने चेतावनी भी दी है कि अगर उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गई तो वह दोबारा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

#### आयुक्त से मिले कर्मी

जाम खोलने के बाद सफाई कर्मचारी निगम कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने निगम आयुक्त हर्षित कुमार से मुलाकात की। निगमायुक्त ने कर्मियों को बताया कि मुख्यमंत्री ने ठेका सफाई कर्मियों के टेंडर के विस्तार की मंजूरी दी है। मुख्यालय से पत्र मिलते ही ठेका कर्मियों को वेतन जारी किया जाएगा। वेतन जारी करने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। साथ ही ठेकेदार को संविदा कर्मियों के साथ बेहतर तालमेल रखने के लिए कहा।




गोहाना। सामाजिक न्याय जागरूकता का संदेश देते हुए शिक्षक और विद्यार्थी।

## सामाजिक न्याय समाज के विकास का आधार : विकास

- डीबीएम विशेष महाविद्यालय ऑफ एजुकेशन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम विशेष महाविद्यालय ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाज में निष्पक्षता, समानता और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई।

मुख्य वक्ता संस्थान के एमडी विकास मलिक ने कहा कि सामाजिक न्याय ही समाज के विकास का आधार है। समाजिक न्याय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। यह वैश्विक कार्यक्रम गरीबी, असमानता, भेदभाव और समाज में न्याय की आवश्यकता जैसे सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। समाज में हर व्यक्ति को सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में आगे आना चाहिए। सामाजिक न्याय की वकालत व समाज में असमानता का मुकाबला करने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। इस आयोजन में शिक्षा विभाग के को-ऑर्डिनेटर सोनू कालसेन, परमजीत धवन, राम नारायण व विशाल मलिक सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### ट्रेन में महिला का पर्स चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रही महिला का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने अंबाला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहाड़ गंज नई दिल्ली निवासी मुकेश चौधरी ने बताया कि गत 20 जनवरी को वह पत्नी के साथ हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था। उसकी आंख खुली तो सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंच चुकी थी। उसने देखा कि उसकी पत्नी का पर्स गायब है। जिसमें जेवरात, अंगूठी, नाक की नभ, दो मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी थी। मामले को लेकर अंबाला पुलिस को शिकायत दी। घटना स्थल सोनीपत का होने के कारण सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस को भेजी। जांच अधिकारी एसआई मोनिका ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।



### अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार किया

**सोनीपत।** एसएजे यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित उर्फ मोनी निवासी सेहरी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। यूनिट में तैनात उप निरीक्षक नवीन की टीम गश्त के दौरान रोहतक बाइपास खरखौदा के पास मौजूद थी। उसी दैरान गुप्ता सूचना के आधार पर युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली।

- आरोपित की पहचान मोहित उर्फ मोनी निवासी सेहरी के रूप में हुई

**देशी पिसैल मिली:** उसके पास एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर सिपाही कृष्ण की टीम ने अदालत में पेश किया।

## महिलाएं सशक्त बनें अपने अधिकारों को जानें : रेनू



गोहाना। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए महाविद्यालय के शिक्षकगणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को महिलाओं के अधिकार और स्नातक की पढ़ाई के बाद रोजगार विषय पर विस्तारक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुंडू ने की। संयुक्त संयोजन शान देवी, डॉ. मुकेश श्योराण और डॉ. राजेश डावर का रहा। मुख्य वक्ता पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में प्रो. (डॉ.) रेनू राणा ने कहा कि महिलाएं खुद को सशक्त बनाने के लिए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में चाहे कितना भी व्यस्त क्यों न हो उसे अपने लिए दिन में कम से कम एक घंटा समय जरूर निकालना चाहिए। इस एक घंटे में अपने शौक के मुताबिक कसरत व योगा करना चाहिए। इस अवसर पर अनिल बडगूजर, डॉ. कविता राठी, डॉ. ज्योति, निकिता, डॉ. अनुराधा और डॉ. विकास मलिक मौजूद रहे।

### मोबाइल टावर लगाने का झांसा देकर ठगी, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव गामड़ी के युवक से उसके प्लाट में मोबाइल टावर लगाने का झांसा देकर उससे ठगी कर ली गई। उससे लगभग एक लाख रुपये ठगे गए। जब आरोपित उससे बहाने से बार-बार रुपये मांगते रहे तो ठगी का अहसास हुआ और बातचीत बंद कर दी। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव गामड़ी के अंकित ने पुलिस को बताया कि उसके पास अगस्त 2024 में मैसेज भेजकर पूछा गया कि वे अपने यहां मोबाइल टावर लगवाना चाहते हैं। टावर लगाने पर 50 लाख रुपये दिए जाएंगे और एक सदस्य को नौकरी भी मिलेगी। उद्योग विहार के राजेश मदान नाम के व्यक्ति ने बहाने से उसके दस्तावेज मंगा कर कहा कि टावर लगाने के लिए लोकेशन की जांच करनी पड़ेगी। उससे कहा गया कि उनकी कंपनी बीएसएनएल का टावर लगाएगी। पंजीकरण के नाम पर 1690 रुपये लिए गए। उसके बाद उसके पास चेक भेजा गया, जिस पर उसने भरोसा करना शुरू कर दिया।

## निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी कांग्रेस : पूर्व सीएम भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं के बारे में कहा कि वे जैसे आए थे वैसे ही जा रहे हैं। कांग्रेस विचाराधारा है और पूरी तरह से मजबूत है। कांग्रेस अब निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। हुड्डा गुरुवार को गोहाना के शिव नगर में कांग्रेस नेत्री कमला भावड़ के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कमला के पौत्र मोहित को उसकी शादी पर आशीर्वाद भी दिया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय को लेकर कांग्रेस नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव लड़ रही है। उम्मीदवार खड़े किए जा चुके हैं। कांग्रेस निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। दिल्ली में मूल रूप से हरियाणा की रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने पर कहा कि दिल्ली हरियाणा की है। ऐसे में दिल्ली में मुख्यमंत्री भी हरियाणा से ही बनेगा। हुड्डा ने कमला भावड़ के पौत्र मोहित के विवाह परिवार को बधाई दी। इस मौके पर विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक, जगदीश भावड़, अनूप मलिक, राजकुमार शर्मा व जितेंद्र जांगड़ा रहे।



गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, साथ में हैं विधायक जगबीर मलिक, विधायक इंदुराज नरवाल और जगदीश भावड़। फोटो : हरिभूमि

## पैरामाउंट स्कूल के छात्रों का जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस, मौजमनगर के छात्रों ने इस वर्ष की जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। बेहतरीन प्रदर्शन करके छात्रों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में अंशु ने 2025 की जेईई मेन परीक्षा में 96.7% अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

अंशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों को दिया है। अनुज ने 93.1% अंक प्राप्त करके शानदार उपलब्धि हासिल की है। अनुज का कहना है कि कठिन मेहनत और सही दिशा में मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। अनुज का मानना है कि वह आने वाले समय में अपने बड़े लक्ष्य हासिल करेगा। विद्यालय प्रधानाचार्या मोनिका फोगाट ने छात्रों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि छात्र हर साल उत्कृष्ट परिणाम ला रहे हैं। ये परिणाम उनकी मेहनत और स्कूल के कड़ी मेहनत करने वाले शिक्षकों की मेहनत का परिणाम हैं। इस सफलता से यह स्पष्ट है कि पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस अपने छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और परीक्षा में सफलता के लिए जरूरी संसाधन मुहैया कराता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक परिणाम नहीं, बल्कि छात्रों को सर्वांगीण विकास में सहायता प्रदान करना है। विद्यालय पहुंचने पर सभी सफलता प्राप्त करने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्या मोनिका फोगाट

## बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर कार्रवाई, तीन स्कूलों को किया बंद

- पांची जाटान स्थित ग्लूमिंग बर्ड स्कूल, लिटल स्टेप स्कूल और पुरखास स्थित सीएससी बाल विद्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे निजी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। तीन स्कूलों को बिना मान्यता पाए संचालित होने के कारण तुरंत बंद करवा दिया गया।

कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया द्वारा गठित टीम ने पांची जाटान स्थित ग्लूमिंग बर्ड स्कूल, लिटल स्टेप स्कूल और पुरखास स्थित सीएससी बाल विद्यालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्कूल संचालक मान्यता से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ये विद्यालय अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी ने इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और तीनों स्कूलों को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना मान्यता संचालित स्कूल न केवल शिक्षा नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा विभाग ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करेगा और आगे भी जांच अभियान जारी रहेगा।

#### मान्यता की जांच करें

कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी आजाद दहिया ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश से पहले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य करें, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना मान्यता संचालित किसी भी स्कूल को बख्शा नहीं जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करें

# एनएच 44 पर तुरंत लगाए जाएं कैमरे : डीसी

- नेशनल हाइवे पर अवैध कट करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज करें पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर कार्य करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में किसी सड़क पर दुर्घटना में मौत होती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी सड़क एजेंसियों जिला की विभिन्न सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्य करें ताकि आमजन को भविष्य में सुरक्षित आवागमन सुविधा प्रदान कर सके। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों व लघु सचिवालय सहित अन्य विभागों में दोपहिया वाहन पर आने वाले कर्मचारी हैलमेट का प्रयोग करें अन्याथ उनके चालान किए जाएंगे। उन्होंने एनएच-44 पर हुई सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा करते हुए एचएचएआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे एनएच-44 पर जगह-जगह कैमरे लगवाएं ताकि ओवर स्पीड वाहनों पर नजर बनाई जा सके और उनके चालान किए जा सके। बैठक में एसीपी ट्रेफिक ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा ओवर स्पीड के ऑनलाइन 1825 चालान किए गए है। उपायुक्त ने कहा कि सभी लोग अपने ओवर स्पीड चालान को चैक कर उसका भुगतान करना सुनिश्चित करें।

### झांसे में लेकर युवक से पूछा ओटीपी खाते से 1.42 लाख उड़ाए, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में युवक को झांसे में लेकर ओटीपी पूछकर खाते से लाखों रुपये की राशि ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों की तलाश के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। गांव प्रीतमपुर के रहने वाले मनमोहन ने पुलिस को बताया कि उनका एक्सिस बैंक में खाता है। उनके पास एक फोन काल आई। बात कर रहे शख्स ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके खाते की केवाईसी नहीं हुई है। केवाईसी न होने के कारण खाता बंद हो सकता है। उसने केवाईसी के नाम पर खाते से संबंधित जानकारी ली। इसके बाद मोबाइल पर ओटीपी आया। जो उसने फोन करने वाले को बता दिया। इसके बाद खाते से 1,42000 रुपये कट गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।